# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 18.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 3.55 किलोग्राम अवैध हरा गांजा बरामद। अभियुक्त द्वारा अपने खेत में बने बोरवेल के पास की जा रही थी अवैध गांजे की खेती।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि थाना फतेहगंज पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम बजरंगपुर में एक व्यक्ति द्वारा अपने खेत में बने बोरवेल के पास अवैध गांजे की खेती की खेती की जा रही है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा ग्राम बजरंगपुर में मौके पर छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौके से 03 किलो 550 ग्राम अवैध हरा गांजा बरामद हुआ है।

**बरामदगी-**

- 03 किलो 550 ग्राम अवैध हरा गांजा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. चन्द्रपाल यादव पुत्र चन्दन यादव निवासी बजरंगपुर थाना फतेहगंज जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 32/25 धारा 8/20(a) एनडीपीएस एक्ट थाना फतेहगंज जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री गिरीशचन्द्र यादव
2. कां0 आलोक आचार्य
3. कां0 शेख रजा